## भरपुर में सैकड़ों किसानों ने प्रदर्शन किया

**भरतपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय किसान सभा के जिला कमेटी के बैनर तले सैकडों किसानों ने सूरजपोल चौराहे से कन्नी गूजर चौराहा, बिजली घर चौराहे से कलैक्ट्री तक प्रदर्शन किया। जलभराव से परेशान किसानों ने कलैक्ट्री को अंदर घुसकर 'जिला प्रशासन मुर्दाबाद, जल भराव की निकासी करो-बरना कुर्सी छोड दो' 'किसान एकता जिन्दावाद' जैसे जमकर नारेबाजी की।

इस पर एसडीएम भरतपुर ने पुलिस मौजूदगी में किसानों के समक्ष आकर शीघ्र कार्यवाही करने का आश्वासन दिया तब जाकर काफी देर बार उत्तेजित किसान शांत हो पाये। इस मौके पर नत्थीलाल ने सम्बोधित करते हुए बताया कि संगठन 24 जून से बचावी कदम उठाने का अनुरोध करता रहा है लेकिन प्रशासन व सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की है।

उधर क्षेत्र की हजारों एकड जमीन जमीन मग्न हुई पडी है इससे भांडोर, तुहिया, जघीना, जिरोली, नगला अस्तावन, बराखुर, मडरपुर, नगला लोधा, नगला केवल, पीरनगर, गांवडी, रूंध इकरन तक बीसियों गांवों में कार्तिक की फसल पूरी तरह बरवाद हो चुकी है और आगामी फसल (बैसाख) की फसल भी हाथ आने की कोई उम्मीद नहीं है। इसके चलते संगठन को संघर्ष का फैसला लेना पडा है। इस अवसर पर का नत्थी लाल, अशोक कुमार, मुंशी पहलवान, सुरेन्द्र सिंह, मंगो पंडित, पुष्पेन्द्र, समन्दर, हेमन्त, सौरभ, नन्दकिशोर, बाबूलाल बाबा, किशन, गुडडू, भरत सिंह, केदार सिंह, होशियार सिंह, रामवीर सिंह जघीना, नबाव सिंह, जगदीश सिंह, जवाहर सिंह, दयाल सिंह, राजपाल भवनपुरा, राधा किशन शर्मा, देवीप्रसाद शर्मा, राजेश शर्मा, लाखन सिंह, हरी पंडित, भरत सिंह, अशोक, ब्रजलाल शर्मा, रामवीर, ओमप्रकाश, करन सिंह गांवडी, हरभान सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, कशव, पूरन सिंह, विजय सिंह पीरनगर, हरमुख कटारा नौह आदि ने नेतृत्व किया।

# गणेश विसर्जन शोभायात्रा को लेकर प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** शहर में विभिन्न जगहो पर चल रहे गणेश महोत्सव का अनन्त चर्तुदर्शी पर भगवान गणेश की विशाल विसर्जन शोभायात्रा के साथ दस दिवसीय महोत्सव का समापन हो जायेगा। विसर्जन शोभायात्रा में झांकिया आकर्षण का विशेष केन्द्र रहेगी। आगे आगे देश भक्तो की घुडसवार झांकिया होगी। उसके बाद धार्मिक झांकिया होगीं। विसर्जन शोभायात्रा पुरानी अनाज मण्डी से सीताराम जी मंदिर की परिक्रमा लगाते हुए अपने पूर्व निर्धारित मार्ग व्यापार मण्डल, देवी स्टोर, चोपड, कैलाश टाकीज, ट्रक यूनियन, घासमण्डी, बद्रीनाथ बाजार होते हुए पुनः देवी स्टोर, महेश टाकीज, सोनी चौराहा, मालगोदाम रोड, कचहरी सर्किल, फब्बारा चौक, उदेई मौड, सालोदा होते हुए कैलादेवी कालीसिल के लिए प्रस्थान करेगी।

पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि एक हजार पुलिसकर्मी गणेश विसर्जन शोभायात्रा में तैनात किए जायेंगे। वहीं यात्रा मार्ग में करीब 15० घरो की छतो पर पुलिसकर्मियो को निगरानी के लिए खडा किया जायेगा। वहीं सम्पूर्ण यात्रा मार्ग का ड्रोन से निगरानी की जायेगी। चप्पे चप्पे पर पुलिस व प्रशासन की निगरानी रहेगी। इसके लिए एरिया वाइज अधिकारियो को जिम्मेदारी सौपी गई है। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि असामाजिक तत्वो व गडबडी करने वालो पर नजर रखने के लिए सादा वर्दी में पुलिस वाले तैनात किए गए है। वहीं एक दर्जन विडियो ग्राफर अलग अलग स्थानो पर वीडियो ग्राफी करेंगे। पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि गणेश विसर्जन शोभायात्रा शांति पूर्वक संपन्न हो इसके लिए प्रशासन व पुलिस के द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए है। बैठक में जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एएसपी, एडीएम, एसडीएम, डीवाईएसपी, थानाधिकारी व गणेश महोत्सव समिति पदाधिकारी



गंगापुर सिटी में सीएलजी की बैठक आयोजित।

आदि मोजूद थे।

प्रशासन ने गणेश विसर्जन शोभायात्रा को सफलता पूर्वक निकालने व किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना नहीं होने के लिए कमर कस ली है। प्रशासन ने पूर्व नियोजित तरीके से यात्रा मार्ग के सभी संवेदनशील व अतिसंवेदनशील रास्तो पर बैरिकेटिंग की है जिससे असामाजिक तत्व यात्रा में विघ्न नहीं डाल सके। कैलाश टाकीज, फब्बारा चौक पर तीन लयर में सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रत्येक बैरिकेटिंग पर पुलिस का जाप्ता लगाया गया है।

**ये रहेंगे यात्रा के मुख्य आकर्षण**

गणेश विसर्जन शोभायात्रा में पंजाव के अखाडेवाजो का अखाडा, दिल्ली का ढोल व सजीव झांकिया मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेगी। गणेश विसर्जन शोभायात्रा को लेकर शहर के लोगो में भी विशेष उत्साह है। यात्रा मार्ग के संवेदनशील व अतिसंवेदनशील इलाका सहित यात्रा मार्ग में पडने वाली सभी छोटी बडी गलियो के मुख्य रास्तो पर बैरिकेटिंग कर दी गई है।

नगर परिषद आयुक्त ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शहरवासियो से गणेश विसर्जन शोभायात्रा मार्ग से स्थाई व अस्थाई अतिक्रमो को हटाने की अपील की है। उन्होने बताया कि प्रस्तावित यात्रा मार्ग पुरानी अनाज मण्डी से देवी स्टोर, चौपड, बालाजी चौक, कैलाश टाकिज, ट्रक यूनियन, घास मण्डी, पटवा बाजार, पुरानी नगरपालिका, महेश टाकिज के सामने होते हुये मालगोदाम रोड, कचहरी रोड, फव्वारा चौक होते हुए उदेई मोड, सालौदा मोड से निकाला जाना प्रस्तावित है। अतः आप उक्त प्रस्तावित यात्रामार्ग में आने वाले अतिक्रमण यथा-तख्ते, तिरपाल, भट्टी, टीनशेड, पत्थर, मलवा, मेटेरियल, केबल वायरिंग व अन्य अवरोधकों को अपने स्तर से हटा लेवे साथ ही यात्रा मार्ग में आने वाले पुराने भवन/जीर्ण-शीर्ण भवनों/मकानों, छतों, छज्जों को दुरूस्त कर लेवे एवं पुराने भवन/जीर्ण-शीर्ण भवनों के रहवासियों यह सख्त चेतावनी दी जाती है कि यात्रा के दौरान अपने भवन की छत, मुडेर, छज्जे इत्यादि पर शोभायात्रा देखने के लिये खडे नहीं हों। अपने परिवार एवं उस भवन निवास करने वाले व्यक्तियों के अलावा किसी अन्य शीर्ण भवन पर दर्शको के जमावडे से यदि किसी भी प्रकार की दुर्घटना, जन- धन की हानि होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी उस भवन में निवास करने वाले परिवार/मुखिया की रहेगी और उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी।

गणेश महोत्सव सेवा समिति के तत्वाधान में पुरानी अनाज मण्डी में चल रहे गणेश महोत्सव में सोमवार को बाबा गणपति की 31सौ दीपको से महाआरती की गई। इस दौरान गणपति के जयकारो से आसमान गुंजयमान हो गया। लोगो ने विसर्जन यात्रा से एक दिन पूर्व गणपति से अपने परिवार की सुख समृद्धि व उन्नति की कामना की। इसके बाद अखाडेवाजो ने एक से बढ कर एक करतब दिखा कर सभी दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में हजारो की संख्या महिला पुरूष मोजूद थे जिन्हें नियंत्रण करने पर पुलिस व कार्यकर्ताओ को भारी मशक्त करनी पडी। समिति संरक्षक अशोक चोधरी, अध्यक्ष तनिश चौधरी, संयोजक हेमेंत शर्मा, सह संयोजक विश्वसिंह जीत ने शहर सहित सभी आसपास के ग्रामीण क्षैत्र के युवा, बुर्जुग, महिला पुरूषो से विसर्जन शोभायात्रा में भाग लेने की अपील की है।

प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी द्वारा 1० ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए है। शोभायात्रा में गंगापुर सिटी अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट समग्र प्रभारी मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य करेंगे। कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने बताया कि उपखंड मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी यात्रा के साथ रहेंगे। इसके अलावा तहसीलदार टोडाभीम को बालाजी चौक, कैलाश टॉकिज, पुलिस चौकी, सदर क्षेत्र, तहसीलदार तलावडा को पुरानी अनाज मंडी व्यापार मंडल, देवी स्टोर चौराहा, खारी बाजार, चौपड क्षेत्र की, नायब तहसीलदार तलावडा को पुलिस चौकी सदर, ट्रक यूनियन, घास मंडी, पुरानी नगर पालिका, बैंक ऑफ बडौदा क्षेत्र की, तहसीलदार बामनवास को फव्वारा चौक, उदेई मोड, सालौदा मोड क्षेत्र की, तहसीलदार गंगापुर सिटी को मोबाइल मजिस्ट्रेट, उपखंड मजिस्ट्रेट बामनवास को जामा मस्जिद क्षेत्र की, उपखंड मजिस्ट्रेट टोडाभीम को महेश टाकिज, सिंधी, कॉलोनी, सोनी बाबा चौराहा से मालगोदाम क्षेत्र की ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी है। नायब तहसीलदार भांवरा को सब्जी मंडी तिराहा, कचहरी रोड, कोर्ट सर्किल से जेवीवीएनएल पावर हाउस क्षेत्र में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंपी है। इसी तरह तहसीलदार भू अभिलेख कलेक्ट्रेट गंगापुर सिटी को आरक्षित रखा गया है। क्षतिग्रस्त सडकों पर पेचवर्क कर मरम्मत की जा रही है। वहीं शाम को पुलिस के जवानों के साथ फैलग मार्च निकाला। शहर में 17 सितंबर को निकाली जाने वाली गणेश विसर्जन शोभायात्रा को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। हालांकि सीवरेज कार्य के बाद बारिश से सडकों की शहरभर में हालत खस्ता है।

■ चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की नजर, ड्रोन से की जायेगी निगरानी

## सार-समाचार

### अमित अंडर-19 क्रिकेट के कैंप में चयन



**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय पर रहने वाले अमित भारद्वाज पुत्र रसिक बिहारी भारद्वाज का राजस्थान अंडर-19 क्रिकेट कैंप के लिए राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा चयन किया गया है करौली जिले से अभी तक एक मात्र अमित भारद्वाज का ही चयन राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा किया गया है जो कि आगामी 16 सितंबर से पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट जो जयपुर में मध्य प्रदेश के खिलाफ आयोजित किया जाएगा के लिए किया गया है। जिला किक्रेट संघ के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि अमित भारद्वाज पिछले लगातार दो-तीन वर्षों से क्रिकेट में अपना प्रदर्शन बेहतर करता रहा है जिसमें विशेष कर उसके द्वारा अंडर 16 में राजसमंद के खिलाफ 5 विकेट और 50 रन,अंडर-19 में दौसा के खिलाफ 156 रन, वर्ष 2022 और 2023 में भी इनका प्रदर्शन बहुत ही बेहतरीन रहा तथा 2024 में अंडर-19 भरतपुर के खिलाफ 74 रन नॉट आउट और चार विकेट एवं 58 रन श्री गंगानगर के खिलाफ,चैलेंजर ट्रॉफी अंदर-19 में 74 रन, कॉल्विन शील्ड में 70 रन और 40 रन का योगदान महत्वपूर्ण है। अमित भारद्वाज के इस प्रदर्शन पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव शिवचरण माली,अध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक,उपाध्यक्ष अनिल शर्मा,गोपाल सिंह,संयुक्त सचिव अरुण शर्मा,संजय पाल,मैनेजर अखिलेश चतुर्वेदी,रवि पाठक,प्रियाकांत बेनीवाल एवं प्रवीण शुक्ला और करौली जिले के समस्त क्रिकेट प्रेमियों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है।

### गणपत बप्पा मोरिया के गूंजे जयकारे



**करौली, (निसं)।** तीन बड़ करौली पर गणपत भक्त मण्डल के अध्यक्ष बंटी गौड़ एवं संयोजक मनीष प्रजापत ठेकेदार ने बताया कि तीन बड़ पर सोमवार को गणपती मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर महिला संगीत मंडल शिव कॉलोनी की अध्यक्ष रिंकी गौड़,मंजू प्रजापत,रेखा गौड़,आशा प्रजापत की मंडली द्वारा गणेश चतुर्थी से गणपती स्थापना कर प्रति दिवस गणेश भजन,कीर्तन गाए गए,मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम समारोह पूर्वक आयोजित किया गया जिसमे करौली विधायक प्रतिनिधि विश्वेंद्र सिंह गुर्जर,वार्ड 7 के पार्षद प्रतिनिधि धर्ममीना,वार्ड 8 के पार्षद प्रतिनिधि नरेश लोधा का गणपती भक्त मण्डल के अध्यक्ष बंटी गौड़,मनीष प्रजापत ने माला साफा पहनाकर स्वागत किया अतिथियों ने गणेश पूजन किया और विधायक प्रतिनिधि ने कॉलोनी में बजट स्वीकृत कराकर पक्की सड़क बनवाने का भरोसा दिलाया पार्षद प्रतिनिधि धर्म मीना ने कहा कि बर्षा के बाद कच्ची टूटी सड़क पर मिट्टी डाली गई खराब लाइट बदल कर स्ट्रीट रोड लाइट लगवाई जाएगी। कार्यक्रम में दक्ष प्रजापति विकास संस्थान के सचिव गंगाराम प्रजापत,बंटी शर्मा,मुकेश शर्मा,मुकुट बिहारी,सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे इसके प'चात डीजे और बैंड बाजे कि धुन पर गणेशजी की विसर्जन यात्रा रवाना हुई जो पांचना पुल पर भद्राबती नदी में मूर्ति का विसर्जन किया।

### द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आज

**करौली, (निसं)।** द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज मंगलवार को प्रातः 10 बजे से सूचना केंद्र टाउन हॉल में आयोजित होगा। उत्सव के राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा लगभग 7 हजार 7 सौ नए सरकारी कार्मिकों को संबोधित करेंगे। सभी जिले वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इससे जुड़ेंगे। द्वितीय रोजगार उत्सव के लिए नोडल विभाग चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को बनाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.दिनेश चंद मीणा ने बताया कि समारोह में जिले के 163 नवनियुक्त कार्मिकों की भागीदारी रहेगी। इसके लिए विभागों के नवनियुक्त कार्मिकों को आमंत्रित किया गया है। इनमें 57 अभ्यर्थी शिक्षा,57 वन विभाग,48 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा एक कार्मिक स्वायत्त शासन विभाग से होगा। सभी अभ्यर्थियों को प्रातः 9:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर आना होगा जिनका स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंजीयन किया जाएगा। सभी नवनियुक्त कार्मिकों को वेलकम किट दी जाएगी। इसमें मुख्यमंत्री का संदेश, लोकसेवक के कत्तर्व्य,दायित्व एवं अपेक्षाएं पुस्तिका आदि होंगी। उन्होंने बताया कि आमंत्रित युवाओं में अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री द्वारा समारोह के दौरान दिया जाएगा इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवाओं से संवाद भी करेंगे।

### काव्य पाठ का आयोजन

**करौली, (निसं)।** मकाम संस्था के सैन्य एव अर्ध सैन्य बलों के हिंदी साहित्य से जुडे परिवारों द्वारा सिविल सर्विसेज ऑफिसर्स इंस्टीट्यूट,कस्तूरबा गांधी मार्ग पर प्रहरी के तृतीय वार्षिक समारोह कार्यक्रम में करौली जिले के निवासी शिवराज पाल सिंह राव का काव्य पाठ हुआ सभी प्रतिभागी कवियों और श्रोताओं ने उनके काव्य पाठ कि तालियों की गड़गड़ाहट के साथ दाद दी। संस्था के संस्थापक नरेश नाज सेवानिवृत्त आईबी अधिकारी,समारोह के मुख्य अतिथि मेजर जनरल पीयूष गुप्ता सेवा निवृत और नियति गुप्ता, वैश्विक अध्यक्ष शालू गुप्ता और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मेजर प्राची गर्ग ने राव का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। प्रहरी मंच देश की सेना के तीनों अंग,अर्ध सैनिक बलों तथा पुलिस से जुडे कार्यरत और सेवानिवृत्त सदस्यों के स्वयं और पारिवारिक सदस्यों के द्वारा हिंदी साहित्य को प्रोत्साहन देने के लिये लिया विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय शाखाओं द्वारा नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर एव विदेशों में बसे हुए लोगों द्वारा संचालित किया जा रहा है। समारोह में राजस्थान इकाई कि सुशीला शील स्वय्मसिद्धा ज्ञानवती सक्सेना और रंजीता जोशी तुलसी का भी काव्य पाठ हुआ और उनका सम्मान किया गया।। सेना के आत्मानुशासन और गरिमा के साथ कार्यक्रम हुआ।

### भाजपा मंडल की बैठक संपन्न

**करौली, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी के खेड़ा जमालपुर मंडल कार्यालय पर सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई जिसमे अधिक से अधिक सदस्य जोडने को लेकर चर्चा कि जिसमें सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी राकेश फौजदार एवं करौली सदस्यता अभियान के जिला संयोजक अशोक धाभाई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेड़ा मंडल अध्यक्ष श्रीमती गीता देवी जाट ने की इस अवसर पर पूर्व जिला महामंत्री तेज सिंह जमालपुर,महामंत्री प्रमोद शर्मा,मंडल सह संयोजक नाहर सिंह डागुर,उपाध्यक्ष रमेश पाठक,। किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष बबलू गुर्जर, रिंकू मीणा कटकड,जगदीश सिंह चैधरी,छोटे लाल जाटव, शशिकांत जाटव आदि भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बैडमिंटन टीम रवाना

**करौली, (निसं)।** करौली जिले की बैडमिंटन की 17 वर्ष एव 19 वर्ष छात्र व छात्रा वर्ग की टीम सोमवार प्रातः झालावाड़ के लिए रवाना हुई। दलाधिपति अरुण कुमार गुप्ता एवं कोच संतोष कुमार बेनीवाल ने बताया 68वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु करौली जिले की 19 वर्ष छात्रा व 19 वर्ष छात्र तथा 17वर्षीय छात्र व 17वर्षीय छात्रा कि बैडमिंटन टीम रवाना हुई। इस मौके पर दलाधिपति अरुण कुमार गुप्ता,टीम प्रभारी दिलीप सिंह सोलंकी,राम प्रकाश सोलंकी,गोपाल सिंह जाट,कोच कर्मजीत कौर,कोच संतोष कुमार बेनीवाल कि उपस्थित में सभी खिलाडियों को पार्षद राहुल हरसाना, डॉ. प्रेमराज सिंह डागुर, प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह बेनीवाल आदि ने शुभकामनाओं के साथ टीम को रवाना किया थे।

### सहगल बने दशहरा कमेटी के अध्यक्ष

**नदबई, (निस)।** पंजाबी मोहल्ला स्थित राम मंदिर परिसर में पंजाबी समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें पंजाबी समाज के लोगों ने सर्वसम्मति से दशहरा कमेटी का कुलदीप सहगल को अध्यक्ष, बृजमोहन अरोडा को कोषाध्यक्ष व राजन गेरा को सचिव नियुक्त किया गया। कमेटी द्वारा दशहरा के दिन दोपहर 1 बजे समाज के प्रतिष्ठानों को बंद कर दशहरा को भव्य बनाने का प्रस्ताव लिया।

## सार-समाचार

### नृसिंह जी की पदयात्रा रवाना

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** गांवं में नृसिंह भगवान(बगंला बाबा) के मंदिर की बर्ष 1994 मे स्थापना के बाद समस्त ग्रामीणों की गढ्ढी बांधवा स्थित भगवान नृसिंह जी पहली पदयात्रा सोमवार को नृसिंह मंदिर से सैकड़ों महिला पुरुषों की शोभायात्रा निकाली। ग्रामीण संत रामदास,पूर्व सरपंच पप्पू मीना,देवपाल, रघुनाथ, रामखिलाड़ी, राजेंद्र आदि ने बताया कि गावं मे सर्वाधिक नृसिंह जी की मान्यता होने से बर्ष 1994 मे बगंला बाबा(नृसिंह जी)मंदिर की स्थापना हुयी।भक्तों के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण कराया।इस उपलक्ष्य मे सोमवार को समस्त ग्रामीणों की गावं के नृसिंह जी(बगंला बाबा) से विधीवत रुप से भगवान नृसिंह की पुजारी नरोत्तम ने पूजा अर्चना कर महाआरती करायी। नृसिंह भगवान की ध्वजा के पीछे शौभायात्रा के साथ गांव के मंदिर से गढ्ढी बांधवा स्थित भगवान नृसिंह जी के लिये महिला,पुरुषों की पहली पदयात्रा रवाना हुयी। शौभायात्रा के साथ पदयात्रियों का काफिला गढ्ढी बांधवा स्थित भगवान नृसिंह जी के दरबार पहुंचे।पदयात्रियों ने मंदिर मे कनक दंडवत परिक्रमा देकर सभी पदयात्रियों को महाआरती की। भक्तों द्वारा आयोजित प्रसादी वितरण भंडारे मे सभी यात्रियों ने पगंत पर प्रसादी पायी। पदयात्रा मे टिन्डूराम, किरोड़ी, बबलू,भोले मीना, मोहरसिंह, पूरणमल, जयसीराम, माधो मीना, नैमी, खिलाड़ी पैटल, चम्पे, गोविंद सहाय, निमोमीना, प्रमोद, काड्या, मेघराम, रूपसिंह माली, कल्ला तोमर, बालकृष्ण, साहिद खान,सरपे सक्का,सहित सैकड़ों महिला पुरूष मौजूद रहे।

### 350 से अधिक प्रतिभाओं का किया सम्मान

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** चाणक्य परिवार ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह रविवार को पुरानी चुंगी स्थित विजय पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाली समाज की करीब 350 से अधिक प्रतिभाओं को अतिथियों ने मेडल, प्रशस्ति पत्र, गीता की पुस्तक देकर और दुपट्टा ओढाकर सम्मानित किया। साथ ही सरकारी सेवा से सेवानिवृत होने वालों का भी सम्मान किया। इस मौके पर अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। ऐसे आयोजनों से बच्चों का मनोबल बढता है और उनका उत्साहवर्धन होता है। आगे चलकर यहीं प्रतिभाएं समाज, राज्य और देश का निर्माण करते हैं और विकास में भागीदार बनते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय प्रतिस्पर्धा का दौर है। ऐसे में समाज के लोगों से उन्होंने उच्च और तकनीकी शिक्षा दिलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही समाज की तरक्की संभव है। समन्वयक डॉ. हेमंत शर्मा ने कहा कि चाणक्य परिवार के नेतृत्व में समाज का यह प्रतिभा सम्मान समारोह विगत 17 साल से आयोजित किया जा रहा है और यह 18वां आयोजन है। ऐसे में समाज हित में आगे भी इसी तरह सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ब्राहमण समाज के सैकडो महिला पुरूष व बाल गोपाल मोजूद थे।

### गणपति महोत्सव का समापन

**भरतपुर, (निसं)।** गजानन सेवक ट्रस्ट की ओर से आयोजित 10 दिवसीय गणपति महोत्सव का समापन शनिवार को शोभायात्रा के साथ हो गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता अशोक ताम्बी ने बताया कि शाम 6 बजे से गणपति पांडाल संगम मैरिज होम से शोभायात्रा प्रारंभ होकर बजरिया-पत्थर की टाल-कोतवाली-बड़ा बाजार-लक्ष्मण मंदिर-गुड़ की मण्डी-अटलबंध होते हुए वापस पुनः संगम मैरिज होम परिसर में पहुंची। जहां कृत्रिम कुंड बनाकर गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के साथ विधि विधान से मंत्रोच्चार कर गणपति बप्पा को विदाई दी गई। शोभायात्रा में ट्रस्ट के पुरुष सदस्यों ने सफेद कुर्ता पायजामा एवं महिलाओं ने पीले रंग की साड़ी पहनकर ढोल नगाड़ों एवं बैंड की स्वर लहरियों पर नाचते थिरकते हुए आनंद लिया। शोभायात्रा में अध्यक्ष मनोज फौजदार, विपुल खंडेलवाल, अशोक ताम्बी, अंकुर गुप्ता एडवोकेट,शालिनी ताम्बी, सीमा, श्वेता, खुशी, मिक्की,मीता सहित सैकड़ों की तादाद में महिला पुरुष बच्चे शामिल रहे।

### प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

**हिंडौन सिटी, (निसं)।** 68 वीं जिला स्तरीय 17 व 19 वर्ष छात्रा वर्ग खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मोहन नगर के खेल मैदान पर मंगलवार को प्रातः 10:00 बजे आयोजित होगा।संयोजक एवं प्रधानाचार्य सीमा जादौन ने बताया की कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हिंडौन विधायक अनीता जाटव, व कार्यक्रम के अध्यक्ष मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हिंडौन कैलाश चंद मीणा होंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता से पूर्व प्रातः 10:00 बजे से पंजीयन किया जा रहा है । सभी समितियां का गठन कर समस्त जिम्मेदारियां निर्धारित कर दी गई है । प्रतियोगिता स्थल पर खेल मैदान तैयार किया जा रहे हैं । बाहर से आने वाली टीमों की आवास व्यवस्था स्थानीय विद्यालय के कमरों में की गई। खेल मैदान निर्माण में वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक लोकेश मीणा, विनोद मीना, शारीरिक शिक्षक महेश तिवारी, रज्जो धोबी राजू लाल डागुर भावना टॉक,, वाइस प्रिंसिपल राजेंद्र प्रसाद गोयल आदि रहे।

# खेलों से होता है सर्वांगीण विकास : महेश चंद मीना

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल हबीबपुर गंगापुर सिटी में 68वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा प्रतियोगिता के तहत खो-खो, हॉकी एवं साइकिलिंग की प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेशचंद्र मीणा, विशिष्ट अतिथि उमरी सरपंच एवं पीईईओ व प्रधानाचार्य महेशचंद्र गुप्ता, शारीरिक शिक्षक राकेश उपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल हबीवपुर ने की। प्रतियोगिता में खो-खो छात्र वर्ग में 12 टीमों ने एवं छात्र वर्ग में 16 टीमों ने भाग लिया। साइकिलिंग के छात्र वर्ग में तीन टीमों ने भाग लिया जबकि हॉकी की प्रतियोगिता में किसी भी टीम ने भाग नहीं लिया। प्रतियोगिता के बारे में स्थानीय स्कूल के टीचर रजनीश उपाध्याय ने बताया की प्रतियोगिता के सभी प्रतियोगिओं को चाय नाश्ता एवं भोजन हबीबपुर ग्रामीणों द्वारा दिया जाएगा। मंच संचालन फरमान अहमद पीटीआई एवं रजनीश उपाध्याय टीचर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक और निर्णायक मंडल में भूवाल यादव, भगतसिंह जाट पीटीआई, पंखी लाल मीणा, हरि नारायण, ताराचंद मीना, कैलाश मीणा शारीरिक शिक्षक, इमरान अहमद, हितेश जांगिड, सीताराम खटीक, राजेश कुमार एवं सभी निर्णायक शारीरिक शिक्षक उपस्थित थे। पहले दिन खो-खो बालिका वर्ग में कई मैच हुए। इनमें हबीवपुर और पलासोट के बीच हुए मैच में हबीवपुर, पट्टीकलां बामनवास और अरनिया के बीच मैच में अरनिया, मोहचा और बाटोदा के बीच हुए मैच में मोहचा, कैमा और डूंगापुरा मोरडा के बीच हुए मैच में डूंगापुरा मोरडा और दौतलपुर और सोप के बीच हुए मैच में सोप की टीम विजेता रही।

■ 68वीं जिला स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता शुरू



गंगापुर सिटी में खेल प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

## श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**भरतपुर, (निसं)।** सेवर कस्बा के प्राचीन बृजेन्द्र विहारी मन्दिर के प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के कथावाचक श्यामसुंदर शास्त्री ने बताया कि कथा संपन्न हो गई।

कथा के समापन पर विशाल हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया है। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर हजारो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। वही कथा संपन्न होने पर भरतपुर से पधारे खाटूश्यामजी मन्दिर के महंत रोहित महाराज ने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा।

उन्होंने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण व वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। साथ ही व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। प्रसादी के लिए विहारी मंदिर के पास स्थित परिक्रिमा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए पंडाल लगाया गया। जहां सेवर, मालीपुरा, वमनपुर, लुधावई, शास्त्री नगर, जाट मडोली, तेहरहियां नगला, श्योराना, सुखावली, सहित क्षेत्रों लगभग 11 हजार श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ठाहण की जिसमे खीर, पुआ, सब्जी, पाई। पंडाल में एक बार में करीब सात सौ आठ सौ श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर रहे थे इस अवसर पर सेवर मालीपुरा सहित आसपास क्षेत्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चिकित्सक दम्पति का सामाजिक संगठनों ने किया सम्मान

**भरतपुर, (निस)।** गिरीश रिसॉर्ट, भरतपुर में पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के सानिध्य एवं ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से आयुर्वेद के क्षेत्र में मानवीय सेवा देने के लिए वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ राजकुमार शर्मा एवं धर्मपत्नी इन्दु शर्मा उपनिदेशक (आयुर्वेद विभाग) का शॉल-साफा, माला, दुपट्टा पहनाकर एवं श्री बांकेबिहारी जी का प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत-सम्मान किया गया।

सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने चिकित्सक दम्पति वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार शर्मा एवं आयुर्वेद विभाग की उपनिदेशक उनकी धर्मपत्नी इन्दु शर्मा का सम्मान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर समाज सेवा करते रहने की शुभकामना व्यक्त की। डॉ राजकुमार शर्मा ने भी उपस्थित सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में समाज में निशुल्क सेवा करते रहने का भरोसा दिलाया। ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने बताया कि डॉ राजकुमार शर्मा व आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ इन्दु शर्मा दोनों ही डॉ दम्पति, मजबूत जीवट व्यक्तित्व वाले हैं कोरोना काल में आप दोनों की सेवाएं आयुर्वेदीय काढ़ा पिलाने एवं आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में मानवीय रही है। उन्होंने डॉक्टर दम्पति से इसी तरह समाज के क्षेत्र में अपनी मानवीय सेवा प्रदान करते रहने की अपील की।

इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की ओर से डॉ राजकुमार शर्मा के पिता हरिदत शर्मा एवं उनके अनुज डॉ आलोक शर्मा का भी सम्मान किया गया। डॉ राजकुमार शर्मा के परिवारीजनों की ओर से इस अवसर पर पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, सेवानिवृत्त एसडीएम नन्द किशोर शर्मा, सेवानिवृत्त डीएफओ हरिदत्त शर्मा, चन्द्रशेखर शर्मा, सेवानिवृत्त उपायुक्त महेन्द्रकुमार शर्मा, हरिदत्त ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ आलोक शर्मा, नीरज शर्मा, गायत्री परिवार के वैद्य गिरीश शर्मा, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ सुशील पाराशर, डॉ सतीश पाराशर, डॉ सतीश पालीवाल, डॉ. उमेश गोदहन, टीवीएस शोरूम के मालिक शिवलहरी शर्मा, ब्राह्मण सभा कार्यकारिणी मनीष तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रसाद शर्मा जती, डॉ. भगवान सिंह, विप्र फाउंडेशन के पूर्व जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य केदार पाराशर, श्री ब्राह्मण सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य पंडित बनवारीलाल शर्मा, वाइस प्रिंसिपल बाबूलाल कटारा, समाजसेवी सागर चतुर्वेदी, बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्या अनुराधा शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी वैद्य लक्ष्मण तिवारी, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, सेवानिवृत्त विकास अधिकारी इंजी. राजेंद्र डन्डौतिया, ब्राह्मण सभा कार्यकारिणी के उप मंत्री अखिल लवानियां, समता आन्दोलन के अशोक शर्मा आदि मौजूद रहे।



आयुर्वेद के क्षेत्र में मानवीय सेवा देने के लिए चिकित्सक दम्पति का सामाजिक संगठनों ने सम्मान किया।